जागरण : सागर : दमोह : रायसेन : विदिशा

www.dainikjagranmpcg.com ✸ राहतगढ़ ✸ खुरई ✸ पथरिया ✸ सिलवानी ✸ गैरतगंज ✸ गंजबासौदा ✸ सिरोंज ✸ बीना ✸ शमशाबाद भोपाल 24 अप्रैल 2025

कार्यवाही : नरवाई जलाने पर लगाया गया जुर्माना, 24 घंटे में जमा करने का आदेश

जागरण, सागर। जिला प्रशासन ने जिले में घटित हो रही नरवाई जलाने की घटनाओं एवं उनके होने वाली जान माल की क्षति को रोकने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर नरवाई जलाना प्रतिबंधित किया है। प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुपालन में नरवाई जलाने के संबंध में नरवाई जलाने वालों पर तहसीलदार ने कलेक्टर के आदेशानुसार जुर्माना लगाया तथा जुर्माना राशि 24 घंटे के अंदर जमा करने के आदेश दिए गए। जानकारी के अनुसार रहली तहसील के ग्राम अचलपुरा के मुलाम, बाबूलाल पिता रतनसींग पर 5000 रुपए प्रति व्यक्ति, गढ़ाकोटा तहसील के ग्राम खदरी के अमान, कूरे पिता अनंदी एवं कल्यान पिता मोतीलाल पर 5000 रुपए प्रतिव्यक्ति, गढ़ाकोटा तहसील के ग्राम टढ़ा के अंगद पिता ब्रजलाल पर 5000 रुपए एवं मूलचंद पिता पुनु, रवि, मन्नू पिता चूरामन पर 2500 रुपए प्रतिव्यक्ति गढ़ाकोटा तहसील के ग्राम पिपरिया गोपाल के गुवंदी पिता भरोसी कुर्मी पर 5000 रुपए, गढ़ाकोटा तहसील के ग्राम बौरई के डेनी पिता बब्बू लोधी एवं बब्बू पिता हल्काई पर 2500 रुपए। बता दें कि पर्यावरण विभाग द्वारा नरवाई में आग लगाने की घटनाओं को प्रतिबंधित कर दण्ड अधिरोपित करने का प्रावधान किया गया है। पर्यावरण सुरक्षा हेतु नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देश एवं एयर प्रिवेंशन : कंट्रोल ऑफ पॉल्युशन एक्ट 1981 के अंतर्गत प्रदेश में फसलों विशेषतः धान एवं गेहूं की फसल कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाये जाने हेतु प्रतिबंधित किया गया है। जिसके उल्लंघन किये जाने पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि देय होगी।

किसानों द्वारा नरवाई जलाने पर 02 एकड़ से कम जमीन पर 2500 रुपया प्रति घटना, 02 एकड़ से अधिक एवं 5 एकड़ से कम जमीन पर 5000 रुपया प्रति घटना एवं 5 एकड़ से अधिक जमीन पर 15000 रुपया प्रति घटना के हिसाब से जुर्माना लगाया जा रहा है।

रिया का सफल ऑपरेशन, अब सुन और बोल सकेगी

जागरण, सागर। जिले के तुलसी नगर वार्ड, खुशीपुरा में रहने वाली 5 वर्ष की रिया अहिरवार जन्म से ही वह सुनने और बोलने में असमर्थ थी। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत टीम.बी की डॉ.अंजलि बजाज और डॉ.कमल नायक ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिस दौरान रिया की बीमारी को पहचाना और बताया कि बच्ची को कॉक्लीयर इम्पलांट नाम की बीमारी है। डाक्टरों ने बच्ची के माता-पिता को बच्ची की कॉक्लीयर इम्पलांट कराने की सलाह दी। लेकिन पारिवारिक और आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर थी। आरबीएसके टीम ने रिया के पिता को समझाया। बार-बार काउंसलिंग की गई

और बताया कि जितनी जल्दी बच्ची का ऑपरेशन होगा उतने जल्दी बच्ची सुनने एवं बोलने में सक्षम हो पायेगी। रिया को जिला चिकित्सालय में स्थित जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र भेजा गया जहां से डीईआईएम सुरभि साहू द्वारा इलाज हेतु भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अरविंदो हॉस्पिटल इंदौर हेतु एस्टीमेंट बनाकर भेजा गया। 03 दिसंबर 2024 को अरविंदो हॉस्पिटल में रिया का ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.ममता तिमोरी के मार्गदर्शन एवं आरबीएसके टीम, आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं के सहयोग से रिया का ऑपरेशन होना संभव हुआ जिससे आज रिया स्वस्थ है। अब वह न केवल सुन रही है बल्कि धीरे-धीरे बोलना भी सीख रही है।

जल गंगा अभियान के तहत श्रम दान से किया नदी के घाट को स्वच्छ

जागरण, सागर। जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है जिसके परिप्रेक्ष्य में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नवांकुर संस्था अंजनी रत्न सेवा समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के कार्यकर्ताओं ने बीना नदी के घाट पर श्रम दान कर घाट पर से खरपतवार को नष्ट कर स्वच्छ किया। श्रम दान से घाट पर साफ-सफाई की गई। साथ ही ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया और शपथ दिलाई। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भी अपनी भागदारी दिखाई और शामिल हुए। बीना विकास खंड के ग्राम पंचायत गढ़ा में बीना नदी के तट पर जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों और ग्रामवासियों के साथ श्रमदान किया। उपस्थित लोगों को ब्लॉक समन्वयक नीरज शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि एक सार्थक प्रयास ही समाज में परिवर्तन ला सकता है।

तेंदूपत्ता सीजन की तैयारी करने स्थायी वन समिति की बैठक

जागरण, सागर। काष्ठागार सिरोंजा में जिला पंचायत सागर की स्थायी वन समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष ग्रामीण रानी पटैल का सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष ऊषा बाई ने की। बैठक में आगामी वर्ष हेतु वृक्षारोपण की तैयारी तेंदूपत्ता सीजन 2025 की तैयारी, वन विस्थापन के साथ-साथ अन्य विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में महेंद्र प्रताप सिंह वनमंडल अधिकारी सागर दक्षिण, चन्द्रशेखर सिंह वन मंडल अधिकारी उत्तर, अब्दुल अलीम उप संचालक वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व सागर, विनीता जाटव उपवनमंडल अधिकारी दक्षिण सागर, शैलेश माचरा प्रशिक्षु आईएफएस उपवनमंडल अधिकारी उत्तर सागर एवं सर्वजीत सिंह, राजेश राय, जनक रानी आदि उपस्थित रहे।

झोलाछापों पर कार्यवाही जारी शहर के दो क्लीनिक सील

सागर शहर के साथ देवरी में भी कार्यवाही, बगैर डिग्री-रजिस्ट्रेशन के किया जा रहा था इलाज

जागरण, सागर। जिला प्रशासन के निरीक्षण में फर्जी और झोलाछाप डॉक्टरों की दौड़ लगना जारी है। बुधवार को संयुक्त टीम की दबिश के बाद शहर के दो क्लीनिकों को सील कर दिया गया है तो दबिश में भी तालाबंदी की कार्यवाही की गई। कई जगह डिग्री नहीं तो कहीं कोई वैध दस्तावेज नहीं। कुल मिलाकर इलाज में भी जमकर फर्जीवाड़ा चल रहा है।

जिले में फर्जी डिग्रीधारी और झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले में बिना वैध डिग्री और रजिस्ट्रेशन के कोई भी चिकित्सा कार्य नहीं कर सकेगा। उन्होंने कहा कि ऐसी क्लीनिकों को भी बंद किया जा रहा है जिनके पास पर्याप्त दस्तावेज नहीं हैं। कलेक्टर संदीप जीआर ने गत दिवस निर्देश दिए थे कि जिले में कोई भी फर्जी डॉक्टर प्रैक्टिस करता नहीं पाया जाना चाहिए। इसी परिप्रेक्ष्य में जिले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में एसडीएम देवरी भव्या त्रिपाठी द्वारा स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने गौरझामर क्षेत्र में छापेमार कार्यवाही की। इस दौरान मजूमदार क्लिनिक और विश्वास अस्पताल को अवैध रूप से एलोपैथिक दवाइयों के भंडारण और बिना वैध रजिस्ट्रेशन इलाज करते पाए जाने पर सील कर दिया गया। कार्रवाई की खबर लगते ही कई अन्य क्लीनिक बंद हो गई। जांच में नेमा अस्पताल और दीक्षित क्लिनिक को होम्योपैथिक डिग्री और रजिस्ट्रेशन के साथ नियमानुसार संचालित पाया गया। टीम में स्वास्थ्य विभाग से डॉ.एसके तिवारी, गोविंद और पुलिस विभाग से मुन्नालाल व आशीष शामिल थे। इसी प्रकार, शहर में भी कार्रवाई की गई है। डॉ.मोहम्मद स्वलेह आसमा क्लीनिक शनिचरी, डॉ.धर्मेंद्र कुमार शुक्रवारी की क्लीनिकों को मौके पर दस्तावेज न होने के कारण सील कर दिया गया। डॉ.मिश्रा शनिचरी की क्लीनिक बंद पाई गई, वहीं डॉ.ए.डब्ल्यू.खान की क्लीनिक को भी बंद कराया गया। इस कार्रवाई में डॉ.देवेश पटेरिया नोडल अधिकारी और फार्मासिस्ट दीपक जैन ने कार्रवाही की। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि इसी प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहे।



105 रोगियों को आयुर्वेद-योग प्रशिक्षण एवं परामर्श, आयुर्वेद सामग्री वितरित

जागरण, सागर। डॉ.हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के पूर्व चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सोमेश्वरनाथ शुक्ला एवं श्रीमती शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 139वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। 105 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण परामर्श डॉ.राजेश शुक्ला द्वारा दिया गया। योग प्रशिक्षण, आयुर्वेद एवं आहार का आयुर्वेद संबंधित सामग्री निःशुल्क वितरित की गई। शिविर में 32 रक्तालप्ता, 28 रक्त शर्करा, 24 यूरिक एसिड, हड्डी व मांसपेशियों की जांच 21 की गई। यह शिविर प्रातः शिवोम शान्ति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र 5 सिविल लाइन सागर के परिसर में किया गया। इस अवसर पर तिली, पटकुई, पथरिया जाट, जैसीनगर, मकरोनिया, बहेरिया, करइया, सेमरा, बरारू एवं विभिन्न अंचलों के लोग शामिल हुए। शिविर में वीरेंद्र गोस्वामी, अजय दुबे, लोकेश, अंकित, सत्येश शुक्ला, दीपक मिश्रा, अर्पित देसाई, सोनू साहू, नीलेश जैन का सहयोग रहा।

बस अनियंत्रित होकर पलटी, 30 यात्री घायल, दो गंभीर

नरसिंहपुर से सागर की ओर आ रही बस के साथ देवरी में हुआ हादसा

जागरण, सागर। देवरी में बुधवार को तेज रफ्तार यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में बस में सवार करीब 30 यात्री घायल हुए हैं जिन्हें देवरी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। घायलों में दो यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की है। जानकारी के अनुसार बस क्रमांक एमपी-15पीए-0645 बुधवार को नरसिंहपुर से सागर आ रही थी। बस देवरी बस स्टैंड पर रुकने के बाद सागर की ओर रवाना हुई। तभी बायपास पर पेट्रोल पंप के आगे अचानक बस अनियंत्रित हुई और बीच सड़क पर पलट गई। दुर्घटना के बाद मौके पर यात्रियों की चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग दौड़े और बस में फंसे घायल यात्रियों को बाहर निकाला। उन्हें तत्काल स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। सूचना मिलते ही देवरी थाना पुलिस और एसडीओपी शशिकांत सरयाम घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी ली और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। मामले में बस पलटने के कारणों की जांच पुलिस कर रही है। हादसे में घायल प्यारेलाल अहिरवार निवासी कोपरा ने बताया कि वह अपनी नातिन का इलाज कराने चितौरा जा रहे थे। इस दौरान देवरी नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से महज 100 मीटर की दूरी पर अचानक से बस पलट गई। घटना में प्यारेलाल के हाथ में फ्रैक्चर हुआ है। घायल आशु पटेल ने बताया कि वह बस से एक निजी कॉलेज में पेपर देने जा रहा था। अस्पताल के आगे बस अचानक से मुड़ी और पलट गई। बस में फंसे लोग खिड़कियों की मदद से बाहर निकले। हादसे में भवानी शंकर पिता गुटई प्रसाद साहू 80 वर्ष, कमलेश रानी

पति तेज बल आदिवासी 30 वर्ष, पार्वती पति मोतीराम गौंड 30 वर्ष, अनिकेत पिता इंद्राज विश्वकर्मा उम्र 21 वर्ष, नितिन पिता रामबाबू विश्वकर्मा उम्र 18 वर्ष, रूपाली पिता विनोद तिवारी उम्र 27 वर्ष, राधिका नामदेव पिता कृष्णकुमार नामदेव उम्र 16 वर्ष, आशु पिता प्रेम नारायण पटेल उम्र 18 वर्ष, सौरभ पिता मनोहरलाल नामदेव उम्र 33 वर्ष, सिमी पति सौरभ नामदेव उम्र 23 वर्ष, गायत्री पति सुंदर सिंह ठाकुर उम्र 49 वर्ष, विष्णु पिता नारायण सेन उम्र 42 वर्ष, रागिनी पति ब्रजेशसेन उम्र 22 वर्ष, पुरुषोत्तम पिता बलराम पंडित उम्र 50 वर्ष, प्रीति पति गंधर्व ठाकुर उम्र 38 वर्ष, मनीषा पति श्रीकांत उम्र 30 वर्ष, चंद्रकला पति मुकेश 35 वर्ष, सुषमा पति कंछेदी जाटव उम्र 40 वर्ष, अफरोज पति राउफ खान उम्र 70 वर्ष, सत्तो पति बाबू लाल गौंड उम्र 50 वर्ष, छोटे लाल पिता तिनई विश्वकर्मा 65 वर्ष, मुकेश पिता आनंदी तिवारी 57 वर्ष, मनोहर पिता रामलाल नामदेव उम्र 68 वर्ष, खेमा पति चंद्रभान गौंड उम्र 40 वर्ष समेत अन्य घायल हुए हैं।

खरीदी

एसडीएम जिले में देख रहे हैं केंद्रों की व्यवस्थाएं

उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण, मिल रही लापरवाही

जागरण, सागर। समस्त एसडीएम द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा न केवल व्यवस्थाओं का जाया लिया जा रहा है बल्कि किसानों से चर्चा कर उनकी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की जानकारी भी दी जा रही है। कलेक्टर ने समस्त एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि सभी अपने-अपने क्षेत्र की खरीदी/उपार्जन केंद्रों का लगातार निरीक्षण करें एवं निरीक्षण के दौरान किसानों से चर्चा करें जिससे उन्हें किसी प्रकार की समस्या न आए और यदि किसी प्रकार की समस्या सामने आती है तो मौके पर ही उसका निराकरण किया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी उपार्जन केंद्रों पर तौल कांटों की सही जांच की जाए जिससे कि सही तुलाई हो सके। उपार्जन केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं जिसमें शुद्ध पेयजल, धूप से बचने के लिए शेड सहित अन्य व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी उपार्जन केंद्रों पर बड़े-बड़े अक्षरों की फ्लेक्स भी लगाई जाए जिसमें सभी आवश्यक व्यवस्थाएं अंकित रहें। उपार्जन के तत्काल बाद परिवहन की व्यवस्था भी की जावे। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी उपार्जन केंद्रों पर वारदानों की उपलब्धता की स्थिति भी देखें और यदि कहीं उपलब्ध नहीं है तो तत्काल वारदाने उपलब्ध कराएं एवं परिवहन कराएं। एसडीएम बंडा रविश श्रीवास्तव ने छापरी स्थित वेयरहाउस पर ओम स्व सहायता समूह तहसील बण्डा, कर्रापुर सोसायटी तहसील सागर एवं काजल वेयर हाउस पर सोरई सोसायटी के खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया गया।

बीना एसडीएम विजय डेहरिया, देवरी एसडीएम भव्या त्रिपाठी, केसली एसडीएम गगन बिसेन, सागर एसडीएम अदिति यादव, शाहगढ़ एसडीएम नवीन सिंह ठाकुर द्वारा लगातार खरीदी उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है।

ऐप से हितग्राही खुद कर सकते हैं ई-केवायसी : राजपूत

जागरण, सागर। प्रदेश में पीडीएस अंतर्गत उचित मूल्य की दुकानों से राशन प्राप्त करने वाले सभी हितग्राहियों की ई-केवायसी कराने के लिए 9 से 30 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि हितग्राहियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मोबाईल फोन पर ई-केवायसी की सुविधा भी गुरुवार से उपलब्ध करायी जा रही है। इसके लिए मेरा ई-केवायसी ऐप प्रदेश में लांच किया गया है। इस ऐप के माध्यम से राशन लेने वाले वृद्ध, दिव्यांग एवं बच्चों सहित कोई भी हितग्राही किसी भी एन्ड्राइड मोबाईल फोन से अपना और अपने परिजन का आधार नम्बर, ओटीपी दर्ज करके घर बैठे ई-केवायसी कर सकते हैं। मंत्री राजपूत ने बताया है कि ऐप के साथ ही राशन लेने वाले हितग्राहियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हर जिले में गांव और वार्ड स्तर पर ई-केवायसी कराने के लिए शिविर लगाये जा रहे हैं। शिविर में उचित मूल्य दुकान के विक्रेता, वार्ड प्रभारी, ग्राम पंचायत सचिव और रोजगार सहायक के दल द्वारा पीओएस मशीन को शिविर में ले जाकर हितग्राहियों के अंगूठे लगाकर उनकी ई-केवायसी की जा रही है।

राजपूत ने प्रदेश के सभी राशन लेने वाले हितग्राही जिन्होंने अभी तक ई-केवायसी नहीं करवाई है, उन सभी से अपील की है कि अभियान के तहत अतिशीघ्र अपनी और अपने परिवारजनों की शत.प्रतिशत ई-केवायसी पूर्ण करायें। इससे मई माह से सभी को सुविधापूर्वक राशन प्राप्त हो सकेगा।

उपार्जन केन्द्रों के संचालन पर फेडरेशन की निगरानी

जागरण, सागर। उपार्जन केंद्रों के समुचित संचालन पर अब निगरानी रखी जा रही है। संकुल स्तरीय फेडरेशन महिलाओं की उच्च स्तरीय परिसंघ है जो विकासखंड स्तर पर समूहों के द्वारा संचालित होने वाले उपार्जन कार्य का अवलोकन करने की बागडोर संभालेंगे। निगरानी समिति के सदस्य प्रत्येक केन्द्रों पर जाकर शासन की मंशा के अनुरूप यह सुनिश्चित करेंगे कि क्या समूह की सभी महिलाएं उपार्जन केंद्र में सक्रियता से भाग ले रही हैं, केंद्र का संचालन केंद्र की समूची बागडोर समूह की महिलाओं के हाथों में है। किसी भी प्रकार से बाहरी दखलअंदाजी तो नहीं हो रही है। किसानों का समय पर भुगतान हो रहा है। इसके अतिरिक्त किसानों की सुविधाओं से जुड़े हुए मूलभूत बिंदुओं पर भी जांच की जावेगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत और विकासखंड प्रबंधक की संयुक्त टीम प्रत्येक गेहूं उपार्जन केंद्र में जाकर शासन के द्वारा निर्धारित बिंदुओं पर निरीक्षण करेगी किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कलेक्टर को कार्यवाही करने हेतु अवगत कराएगी और अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी। प्रभाष मडोतिया जिला परियोजना प्रबंधक ने बताया कि जिले में 51 संकुल स्तरीय फेडरेशन कार्यरत हैं जिनके अंतर्गत जिले में गठित सभी सहायता समूह सदस्य होते हैं। समूह द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों में यह परिसंघ मददगार, सलाहकार और मूल्यांकनकर्ता की भूमिका में होता है।

न्यूज कार्नर

जनसुनवाई में 232 आवेदनों पर सुनवाई

दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले भर से आये नागरिकों की आज जनसुनवाई में समस्याएं सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 232 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय.सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 152 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर मीना मसराम, डिप्टी कलेक्टर बृजेश सिंह, लोक सेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। इसके साथ ही 25 पंचायतों में चौथे सप्ताह जनसुनवाई में कुल 83 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 63 का निराकृत एवं 20 आवेदन लंबित हैं। इसमें नरसिंहगढ़, बांसाकला, गैसाबाद, खड़ेरी सहित चिन्हित 25 जनपद पंचायत स्तर पर जनसुनवाई की गई।

नगरपालिका अधिकारी के साथ बैठक संपन्न

दमोह। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार पीसी गुप्ता, प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के कुशल मार्गदर्शन में जिला दमोह एवं तहसील न्यायालय हटाए पथरिया एवं तेंदूखेड़ा में 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य समस्त प्रकरणों के निराकरण के साथ ही विद्युत एवं नपा के जलकर, सम्पत्ति कर के प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण पक्षकारों की आपसी सहमति के आधार पर किया जावेगा। नपा दमोह के अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु बैठक का आयोजन ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ला, सिविल जज वरिष्ठ खंड सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह की अध्यक्षता में एडीआर भवन जिला न्यायालय दमोह में किया गया। बैठक में प्रभारी नपा अधिकारी आरसी अहिरवार, राजस्व निरीक्षक रितु पुरोहित उपस्थित रहे। बैठक में नेशनल लोक अदालत में रखे जाने वाले प्रिलिटिगेशन प्रकरणों को कार्यालय में शीघ्र अति शीघ्र प्रस्तुत किये जाने व नेशनल लोक अदालत का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार किये जाने के संबंध में चर्चा की गई।

बाबा साहेब डॉ.अंबेडकर सम्मान अभियान संगोष्ठी का कार्यक्रम निरस्त किया गया

पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों को भाजपा कार्यालय में दी श्रद्धांजलि

जागरण दमोह। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान संगोष्ठी भाजपा कार्यालय दमोह में आयोजित होना थी जिसमें केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र खटीक मुख्य अतिथि वक्ता एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे की अध्यक्षता में सम्पन्न होना थी लेकिन पहलगाम जम्मू कश्मीर में आतंकी हमला और दमोह में महादेव घाट बनवार में दुखद घटना हो जाने पर 2 मिनट का मौन धारण कर मृतकों को श्रृद्धांजलि दी एवं सभी कार्यक्रम स्थागित किए गए एवं राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया। केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक ने कहा कि डॉ अंबेडकर के सम्मान में संगोष्ठी का आयोजन था परंतु जम्मू कश्मीर के पहलगाम पर्यटन स्थल पर आंतकवादियों ने जिस तरह निर्दोष लोगों पर गोलियां चलाई और हत्यायें की है वह अत्यंत निंदनीय कृत्य है। सभी दिव्यंत आत्माओं की शांति हेतु मौन धारण कर श्रृद्धांजलि दी। ईश्वर मृतकों के परिवार को इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि पहलगाम पर आंतकी हमले में निर्दोषों की मृत्यु अंत्यंत पीड़ा दायक है। भारतीय जनता पार्टी ने सभी कार्यक्रम निरस्त कर मृतकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। दमोह के वनवार के समीप महादेव घाट पुल पर भी दुर्घटना में 8 की मृत्यु हुई है। सभी मृतकों के परिजनों के प्रति हमारी शोक संवेदना है। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कटनी के पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव ने भी उक्त घटनाओं में मृत व्यक्तियों के परिवारों के प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्ति की। इस दौरान विधायक जयंत मलैया, विधायक हटा उमादेवी खटीक, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह, जिला पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती रंजीता गौरव पटेल, पूर्व विधायक श्रीमती सोना बाई, जिला महामंत्री गोपाल पटेल, सतीश तिवारी, रामेश्वर चौधरी कार्यक्रम प्रभारी जिला पदाधिकारी सभी मंडल अध्यक्ष, सभी मोर्चों के अध्यक्षए पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

सड़कों पर घूम रहे आवारा मवेशियों की दहशत से आमजन परेशान

जागरण हटा। नगर की मुख्य सड़के हो या रिहायशी इलाके हर तरफ आवारा मवेशियों का आतंक देखा जा रहा है।आमजन को परेशान होना पड़ रहा है। आए दिन लोग भी घायल हो रहे हैं। नगर में आवारा मवेशी दुर्घटना का कारण बन रहे है। वही रात के समय बंद दुकानों के सामने मवेशी गंदगी फैला देते हैं। जो कि सफाई कर्मियों व स्थानीय रहवासियों के लिए परेशानी का सबब बनती हैं। इसके बाबजूद भी प्रशासन आवारा मवेशियों के लिए कोई बंदोबस्त नहीं कर रहा है। दमोह पन्ना मुख्य मार्ग पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। पशु आपस में लड़ते हुए वाहनों से भी टकरा जाते हैं। इससे लोगों को भारी नुकसान भी उठाना पड़ता है। अस्पताल से चंडी नाका अंधियारा बगीचा, मंदिर मस्जिद चौराहा, राय चौराहा, बस स्टैंड, बड़ा बाजार में बड़ी संख्या में आवारा मवेशी बैठे देखें जा सकते हैं।

मवेशियों की मौजूदगी में दिन और रात में दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। नगर की फोर लाइन सड़क पर भारी वाहन तेजी से निकलते हैं। कई वाहन जानवरों को बचाने के चक्कर में तेज गति से आने वाले वाहन अपना नियंत्रण खो देते हैं। यह मवेशी भी घायल हो जाते हैं रात के समय मवेशियों की संख्या बढ़ जाती है। मुन्ना सोनी, गुड्डू दुबे, रमेश आदि ने बताया कि आवारा पशुओं की संख्या शहर में दिनों दिन बढ़ती जा रही हैं लेकिन प्रशासन इनको जंगल में छोडने की व्यवस्था नहीं करता है जिस कारण आम लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पडता है। जब इस संबंध में नगर पालिका प्रभारी सीएमओ राजेन्द्र खरे का कहना है कि आवारा मवेशियों को जंगल छोड़ने के लिए पुनः अभियान चलाया जाएगा।

संजय डूंगरी नेशनल पार्क में सफारी में बाघ को देख रोमांचित हुए प्रतिभागी

जागरण, दमोह। जिले के जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता की विजेता टीम के सदस्यों द्वारा सरसी आईलैंड एवं परसली रिजॉर्ट का मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा भ्रमण कराया गया। प्रतिवर्ष क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है जिसमें प्रथम तीन टीमों को विजेता के रूप में तथा शेष तीन टीमों को उपविजेता टीम के रूप में मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा मध प्रदेश के कहीं भी टूरिज्म के होटल में घूमने का अवसर प्रदान किया जाता है। तीन दिन दो रात के पैकेज में विजेता प्रतिभागियों ने बाणसागर बांध के टापू में बने सरसी आईलैंड होटल में रुक कर वोटिंग का आनंद लिया इसी तरह संजय दुबरी नेशनल पार्क में सफारी के दौरान बाघ को देखा। विजेता प्रतिभागियों में हेमलता विश्वकर्मा, किरण अहिरवार एवं जोया फातमा, आदित्य गुप्ता, चंदन विश्वकर्मा एवं चक्रेश पटेल तथा जबेरा के शुभम मेहरा, जूही वाजपेई एवं मानसी तिवारी ने भाग लिया।

आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले दो सोशल मीडिया यूजर्स पर केस

जागरण दमोह। दमोह पुलिस ने भड़काऊ पोस्ट करने वाले दो सोशल मीडिया पर एक्शन के जरिये समाज को सन्देश दिया है कि किसी ने भी सोशल मीडिया का गलत इस्तेमाल किया कानून और कार्रवाई होगी। पहलगाम में मंगलवार की दोपहर पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद से देश में गुस्सा है। पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह हालात को लेकर बहुत गंभीर हैं, लोग उनसे बड़े एक्शन की उम्मीद कर रहे हैं।

उधर एमपी में सरकार ने पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को चौकन्ना रहने के निर्देश दिए हैं जिसके बाद दमोह पुलिस ने दो सोशल मीडिया यूजर्स के खिलाफ मामला दर्ज किया है। प्रदेश में अलर्ट के बीच दमोह पुलिस ने बीती रात एक बड़ा एक्शन लिया है। पहलगाम हमले के बाद प्रदेश में ये पहली कार्यवाही मानी जा रही है। पुलिस का ये एक्शन सोशल मीडिया के जरिये साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने की कोशिश करने वाले वर्ग विशेष के दो युवकों या कहें सोशल मीडिया यूजर्स पर हुआ है। दमोह में वसीम खान और तनवीर कुरेशी नाम के यूजर्स द्वारा जो लिखा गया वो आपत्तिजनक था इन यूजर्स ने जो लिखा वो समाज मे दंगा भड़काने और माहोल खराब करने जैसा लिखा गया था। साइबर सेल की टीम ने इन दोनों युवकों की फेसबुक आईडी को ट्रेस किया और देर रात वसीम खान और तनवीर कुरेशी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इन पोस्ट में पहलगाम की घटना का जिक्र करते हुए बहुत कुछ आपत्तिजनक लिखा है।

सीएसपी अभिषेक तिवारी ने बताया कि पुलिस अलग-अलग माध्यमों से सोशल मीडिया की निगरानी कर रही थी और इन दो युवकों की पोस्ट को भड़काऊ पाया गया। लिहाजा तुरंत एक्शन लेते हुए वसीम और तनवीर कुरेशी पर मुकदमा दर्ज किया है। उनका कहना है कि फिलहाल दो लोगों पर कार्यवाही हुई है लेकिन अभी और भी ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही होगी जो सोशल मीडिया हेंडल्स पर आपत्तिजनक या माहौल बिगाड़ने जैसा कुछ लिख रहे है या पोस्ट डाल रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस पर एकलव्य विश्वविद्यालय की नृत्य प्रतियोगिता 29 अप्रैल को

जागरण दमोह। एकलव्य विश्वविद्यालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस 2025 मनाया जायेगा जिसका उद्देश्य नृत्य कला को वैश्विक स्तर पर सम्मान देना और लोगों को इसके सांस्कृतिकए सामाजिक तथा शारीरिक लाभों के प्रति जागरूक करना है। एकलव्य विश्वविद्यालय के नृत्य विभाग के अंतर्गत एकलव्य नाट्य मंच 29 अप्रैल को नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रहा है जिसमें सभी प्रतिभागी भाग लेकर अपनी प्रतिभा को निखारें। दमोह जिले में नृत्य कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एकलव्य विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस नृत्य प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं को अपनी सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के माध्यम से मंच प्रदान करना हैए ताकि वे नृत्य के माध्यम से अपनी रचनात्मकता, परंपरा और भावनाओं को प्रकट कर सकें। यह आयोजन भारतीय सांस्कृतिक विरासत को संजोने के साथ-साथ समकालीन नृत्य शैलियों को भी मंच प्रदान करने के लिए किया गया है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं को आत्मविश्वास, अनुशासन, समर्पण तथा समूह में कार्य करने की भावना को प्रोत्साहन मिलेगा। साथ हीए यह अवसर छात्रों के लिए एक सामाजिक मेलजोल का माध्यम भी बनेंगे, जहां विभिन्न विभागों और वर्गों के युवाओं ने एक-दूसरे की कला से प्रेरणा लेंगे। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को प्रमाण पत्र, ट्रॉफी और स्मृति चिन्ह एवं पुरस्कर राशि प्रदान की जायेगी साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया जाएगा। एकलव्य विश्वविद्यालय की यह नृत्य प्रतियोगिता केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं है बल्कि यह नृत्य के प्रति जागरूकता, सम्मान और सहभागिता का प्रतीक बनेगा।

युवा संगम कार्यक्रम आयोजित

दमोह। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दमोह में युवा संगम रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 3 कंपनियों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। जिसमें आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों द्वारा 50 रजिस्ट्रेशन किये गये जिनमें से 19 का प्राथमिक चयन किया गया। आईटीआई प्राचार्य अभिषेक तिवारी द्वारा बताया गया कि भविष्य में भी युवा संगम कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को रोजगार से जोड़ा जायेगा। ज्ञातव्य हो कि हर माह के चतुर्थ मंगलवार को युवा संगम रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया जाता है।

शिविर में 45 दिव्यांग बच्चों को स्वास्थ्य परामर्श, 23 की कराई फिजियोथैरेपी

जागरण, बीना। प्रताप वार्ड स्थित अंजनी जन कल्याण संस्थान समिति द्वारा मंगलवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शरद जोशी ने मां सरस्वती का पूजन कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में एलिमको जबलपुर द्वारा दिव्यांगों को सहायक उपकरण जांच करता सौरभ मिश्रा द्वारा दिव्यांगों का जांच परीक्षण किया एवं डीबीएल सोशल वेलफेयर फाउंडेशन भोपाल द्वारा डॉ.श्रीमती सोनिया श्रीवास्तव, डॉ.सूर्यकांत, डॉ.नीलेश भंनारिया की टीम द्वारा 45 दिव्यांग बच्चों को स्वास्थ्य परामर्श दिया गया एवं 23 बच्चों की फिजियोथैरेपी की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि न्यायिक मजिस्ट्रेट शरद जोशी द्वारा कानून के विषय में विस्तार से बताया। उन्होनें कहा कि न्यायालय द्वारा लोक अदालत लगाई जाती है जिसमें आपसी समझौता करके विवादों को निपटाया जा सकता है। तहसील विधिक सेवा समिति होती है जो निशुल्क विधिक सहायता करती है। जिसका हम सभी को लाभ लेना चाहिए। दिव्यांग बच्चों एवं अभिभावकों से भी प्रश्न पूछे प्रश्नों के उत्तर विस्तार से समझाएं संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सभी दिव्यांग योजना का लाभ लें।

संस्था संचालक नंदराम कुशवाहा ने दिव्यांगजनों के क्षेत्र में शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को विस्तार से बताया।

डॉ.श्रीमती सोनिया श्रीवास्तव ने कहा कि मैं प्रत्येक माह टीम के साथ फिजियोथैरेपी परामर्श निदान के लिए आऊंगी सभी दिव्यांगजन निशुल्क लाभ ले सकते हैं। इस अवसर पर श्रीमती शांति बाई कुशवाहा, आलोक कुशवाहा, बलराम कुशवाहा, फिजियोथैरेपिस्ट श्रीमती मनीषा सिह राजपूत, विशेष शिक्षक नारायण सिंह राय, शालिनी कुर्मी, श्रीमती भारती, श्रीमती दीक्षा कुशवाहा, राकेश कुशवाहा, सरिता, संजय पटेल सहित बड़ी संख्या में दिव्यांगन के माता-पिता उपस्थित रहे।

एकता कॉलोनी में चोरों की दहशत

जागरण, सागर। शहर की एकता कॉलोनी में चोरों की दहशत है और नागरिक परेशान हैं। इस बारे में लोगों का कहना है कि यदि घटनाओं पर अंकुश नहीं लगता तो वे प्रशासन को ज्ञापन देंगे। जानकारी के अनुसार चोर और अवांछित तत्व चोरी के नये-नये हथकंडे प्रतिदिन अपनाते हैं। स्थानीय गोपालगंज थाना के वृंदावन वार्ड में स्थित एकता कॉलोनी की स्ट्रीट लाइट महीने में तीन-चार दिन के लिए जरूर बंद हो जाती है और इस दौरान कॉलोनी में खड़ी हुई गाड़ियों, बाहर रखे सामान, मंदिर की दान पेटी और गोवंश पर चोर हाथ साफकर जाते हैं। अक्सर यह गुरुवार एवं शुक्रवार को होता है जबकि शनिवार और रविवार को अवकाश होने के कारण सोमवार को ही स्ट्रीट लाइट सुधार पाती है और इन तीन-चार दिनों में चोरी की वारदातें बढ़ जाती हैं। स्मार्ट सिटी की यूनिवर्सिटी लाइटों की लाइनों की पूर्ण जानकारी इन चोरों को है। यह कहीं भी केवल काट देते हैं जिससे पूरी कॉलोनी अंधेरे में डूब जाती है और यह चोरी की वारदातों को अंजाम देने लगते हैं। शायद ही कभी कभार यहां रात्रि की पुलिस गश्त होती है। पिछले दिनों भी यही वाक्या हुआ।

पता लगा कि एमएलबी स्कूल के यहां एक चाट सेंटर के यहां बाकायदा प्लास सी केबल काटी गई और दुकानदारों के यहां खड़ी हुई ग्राहकों की गाड़ियों के समान टूल बॉक्स स्टेपनी टेप रिकॉर्डर इत्यादि सामान चोरी किए गए। बड़ी मुश्किल से सीएम हेल्पलाइन में और नगर निगम में शिकायत दर्ज करने के बाद स्मार्ट सिटी द्वारा फॉल्ट ढूंढ कर स्ट्रीट लाइटों की विद्युत आपूर्ति बहाल की गई।

एकता कॉलोनी विकास समिति के दिनेंद्र पांडे, धर्मेंद्र मिश्रा, उमेश मौर्य इत्यादि ने बताया कि इस आए दिन की घटनाक्रम से सभी कॉलोनी वासी और दुकानदार परेशान हैं और शीघ्र ही इस संबंध में वह जिला प्रशासन और नगर निगम को आवेदन प्रस्तुत करेंगे।

कंपनी के प्रताड़ित किये जाने से परेशान किसान ने लगाई फांसी

जागरण, बीना। मंगलवार को एक किसान ने पेंसिल बनाने वाली कंपनी द्वारा रूपये मांगने से प्रताड़ित होने पर आत्महत्या कर अपनी जान दे दी। मिली जानकारी अनुसार ग्राम हांसलखेड़ी निवासी राजाराम कुशवाहा जो कि गांव में अकेले रहते थे और पेंसिल निर्माण कंपनी के कर्मचारियों ने उन्हें फोन लगाकर कच्चा माल भेजने और पैकिंग के काम का प्रस्ताव दिया। जिसके बाद कंपनी द्वारा उन्हें कच्चा माल भेजने के नाम पर ऑनलाईन पैसे मंगा लिये। जिसके बाद कंपनी के कर्मचारियों द्वारा फिर से फोन लगाकर उनसे पचास हजार रूपये मांगे। जब राजाराम कुशवाहा ने पैसे देने से मना किया तो कंपनी के कर्मचारियों द्वारा उन्हें तरह-तरह से धमकियां दी जा रही थी। जिससे वह काफी मानसिक प्रताड़ित हो रहे थे। मानसिक प्रताड़ना के चलते उन्होनें आत्महत्या कर ली। मृतक के पास मिले सोसाईड नोट में लिखा है कि पेंसिल बनाने वाली कंपनी ने उन्हें फंसाया और उन्हें प्रताड़ित किया। पुलिस ने बयान लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

इलाज कराने गई महिला के घर चोरी

जागरण, बीना। आगासौद थाना अंतर्गत आने वाले मंडीबामौरा में एक सूने मकान में अज्ञात चोर ने धावा बोलकर लगभग साठ हजार रूपये कीमती सोने चांदी के जेवरात चुरा लिये। आगासौद पुलिस से मिली जानकारी अनुसार अपनी माँ का इलाज कराने सागर गई हुई थी घर में वह अपनी माँ और भाई के साथ रहती थी। उसकी माँ को कैंसर होने के कारण उसकी माँ का इलाज सागर मेडीकल कॉलेज में चल रहा था। उक्त फरियादी महिला अपनी माँ का इलाज कराने सागर गई हुई थी तभी मौका का फायदा उठाकर किसी अज्ञात चोर ने सूने घर में घुसकर अलमारी व पंलग पेटी में रखे मां के दो जोडी सोने के हार, सोने का 4 चुडिया पतली, गुरिया वाला मंगलसूत्र, 2 सोने की अंगूठी,चांदी की करधोनी, पायल 4 जोडी, चैन सोने की जो सभी पुराना इस्तेमाली हैं। जिनकी कीमती लगभग 60000 रुपये है किसी अज्ञात ने चोरी कर लिया। महिला ने चोरी की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पैसे मांगने पर महिला एवं उसके पति के साथ मारपीट

जागरण, बीना। आगासौद थाना अंतर्गत आनने वाली मंडीबामौरा पुलिस चौकी के ग्राम बिल्धई बुर्जुग में एक महिला एवं उसके पति के साथ जमीन के पैसे मांगने पर उसके जेठ एवं देवर ने मारपीट कर दी। आगासौद पुलिस से मिली जानकारी अनुसार फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी जमीन का पूर्व में बटवारा हो चुका है और उसके पति के हिस्से में कम जमीन आई है। जिसको लेकर उसके जेठ राजेश दांगी एवं देवर गोविंद दांगी ने इसके बदले में पैसे देने की बात कही थी। मंगलवार को फरियादी महिला एवं उसके पति ने जेठ एवं देवर से पैसे मांगे। इसी बात पर से आरोपी भीड़क गये और उन्होनें पति पत्नि के साथ डंडों एवं लोहे की रॉड से मारपीट कर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं इसी मामले में फरियादी निवासी बिल्धई बुर्जुग ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके पिता एवं चाचा ब्रजेश ठाकुर की जमीन का बटवारा हो गया है और उसके हिस्से की जमीन उसके चाचा ब्रजेश ठाकुर नहीं दे रहे हैं। जब फरियादी ने अपने पिता के हिस्से की जमीन अपने चाचा ब्रजेश ठाकुर से मांगी तो उसने गालियां देते हुये कहा कि तेरे हिस्से की कोई जमीन नहीं है। जब गालियां देने से मना किया तो आरोपी ने उसके साथ डंडों से मारपीट कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

नेशनल लोक अदालत को लेकर बैठक में चर्चा

जागरण, बीना। न्यायालय परिसर में बीमा कंपनियों के अधिवक्ताओं एवं विद्युत कंपनियों के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें चर्चा की गई कि आगामी 10 मई को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सागर के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर मंगलवार को न्यायालय परिसर में बीमा कंपनियों के अधिवक्ता एवं विद्युत कंपनी के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला न्यायाधीश, तहसील विधिक सेवा समिति संजय कुमार जैन एवं प्रथम जिला न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार कुन्डू उपस्थित रहे। बैठक में न्यायाधीश संजय कुमार जैन द्वारा उपस्थित सदस्यों को ज्यादा से ज्यादा क्लेम के प्रकरणों में राजीनामा किये जाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। विद्युत विभाग के प्रकरणों में समझौता कराये जाने हेतु निर्देशित कर बिलों में छूठ दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

योजनाओं की प्रगति पर समीक्षा

जागरण, गुना। केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की अध्यक्षता में 1 दिसंबर 2024 को आयोजित दिशा बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा की गई। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक दुबे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दिशा बैठक में दिए गए निर्देशों की बिंदुवार समीक्षा की गई। सर्वप्रथम 5त्न इंटेलिजेंस विलेज की प्रगति पर चर्चा हुई, जिसमें बताया गया कि इसकी दिशा में कमेटी का गठन कर कार्य प्रारंभ कर दिया है। इसके बाद सीमेंट प्लांट की कार्य प्रगति पर चर्चा करते हुए कलेक्टर श्री कन्याल ने निर्देश दिए कि जुलाई माह तक इसकी सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली जाएं। बैठक में सीएम राइज स्कूल, आयुष अस्पताल एवं जिचि के विस्तार से संबंधित बिंदुओं पर भी चर्चा हुई।

50 गर्भवती महिलाओं का शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण

जागरण, राहतगढ़। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत सिविल अस्पताल में विकासखंड के समस्त ग्रामों से आईं लगभग 50 गर्भवती महिलाओं की जांच हुई जिसमें 17 महिलाएं हाई रिस्क गर्भवती की पाई गई। शिविर में जिला चिकित्सालय सागर से आईं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ सरोज भूरिया के द्वारा महिलाओं की जांच की गई। मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विकेश फुसकेले ने बताया गया कि प्रत्येक माह में दो बार प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व प्रसव अभियान के अंतर्गत समस्त गर्भवती महिलाओं की जांच की जाती है। जिसमें हाई रिस्क गर्भवती मिलने पर उनका प्रबंधन अलग से किया जाता है। हाई रिस्क महिलाओं को कलाई में लाल टेप पहनाया जाता है जिससे वह जहां भी प्रसव के लिए जाएं वहां पर व्यवस्थित तरीके से उनका प्रबंधन किया जा सके। जिससे गर्भवती महिलाओं की सुरक्षित डिलीवरी कराई जा सके और जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ रह सकें। कार्यक्रम में डॉ पूजा बरुआ डॉ भीकम मौर्य डॉ आशीष भारद्वाज विवेक मिश्रा रत्नेश श्रीवास रजनीश ठाकुर सहित आशा कार्यकर्ता व अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

हाइवे क्रॉस कर रहे दो नाबालिगों की मौत

जागरण, गुना। शहर से 8 किलोमीटर दूर गादेर इलाके में सड़क हादसे में दो नाबालिगों की मौत हो गई। दोनों मंगलवार रात शौच कर वापस आ रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे क्रॉस करते समय अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बुधवार सुबह जिला अस्पताल में दोनों का पीएम हुआ। घटना मंगलवार रात 11 बजे के आसपास की है। गादेर निवासी भरत सहरिया पिता ज्ञानसिंह (17) अपनी बुआ के बेटे संस्कार (17) पिता मजबूत सिंह सहरिया निवासी चिल्का के साथ हादसा हुआ। मंगलवार को चिल्का गांव से कुछ लोग गादेर गांव में टीका फलदान देने के लिए आए थे। संस्कार भी उनके साथ ही आया था। फलदान देकर शाम को सभी लोग वापस चले गए। वहीं संस्कार अपने मामा ज्ञान सिंह के यहां रुक गया। रात में वह अपने मामा के बेटे भरत के साथ नेशनल हाईवे क्रॉस कर शौच गया था। रात लगभग 11 बजे दोनों वापस लौट रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने दोनों को टक्कर मार दी।

न्यूज कार्नर

नप अध्यक्ष ने निर्माण कार्य का लिया जायजा

सांची। रेलवे स्टेशन रोड वार्ड नं 13 मे निर्माणाधीन नगर परिषद कार्यालय का आज नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम, सीएमओ रामलाल कुशवाहा ने निरीक्षण किया तथा गुणवत्ता देखी। निमार्णाधीन भवन की छत का निरीक्षण करते हुए अध्यक्ष श्री रेवाराम ने निर्माण ऐजेंसी को गुणवत्ता पूर्ण निर्माण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जायेगा। नप कार्यालय भवन मे गुणवत्ता रखी जाये इस अवसर पर उनके साथ उपयंत्री एवं नप कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने की विभागीय गतिविधियों की समीक्षा

रायसेन। कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने जिले में छात्रावासों और आश्रम का संचालन, विभागीय योजनाओं, शिष्यावृत्ति आहरण की स्थिति, छात्रावासों में सुरक्षा व्यवस्था, पुस्तकालय सहित विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत जानकारी लेते हुए दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने बैठक में उपस्थित छात्रावासों के अधीक्षक तथा अधीक्षिकाओं से छात्रावासों में उपलब्ध सामग्री, व्यवस्थाएं यथा पेयजल, विद्युत, सुरक्षा इंतजाम, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, छात्र-छात्राओं की संख्या तथा उनकी उपस्थिति, भोजन बनाने वालों की संख्या, स्वच्छता, कक्षों में पर्याप्त लाईटिंग, भवन में मरम्मत और सामग्री की आवश्यकता आदि के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि छात्रावासों में बेहतर शैक्षणिक परिवेश रखें। बच्चों को शिक्षा कार्य में किसी प्रकार की कठिनाई ना हो।

पति और भाई ने महिला के जेठ पर लगाया दुष्कर्म के बाद हत्या करने का आरोप

घर में निर्वस्त्र अवस्था में मिला महिला का शव, महिला का जेठ भी छिपा था कमरे में

जागरण, रायसेन

जिला मुख्यालय के नजदीकी ग्राम बनगवां में एक 19 वर्षीय नवविवाहित महिला की निर्वस्त्र अवस्थ में लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। महिला के पति एवं भाई ने महिला के जेठ पर दुष्कर्म के बाद हत्या करने के आरोप लगाए हैं। जिस कमरे से लाश बरामद हुई उसी कमरे में जेठ भी छिपा हुआ था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की हकीकत पुलिस जांच के बाद ही सामने आएगी। फिलहाल पुलिस मामले की बारीकी से जांच में लगी हुई है।

मामला वनगंवा क्षेत्र का है। यहां के निवासी एक युवक ने लव मेरिज की थी, लेकिन परिजनों के राजी होने के बाद दोनों ने मंदिर में भी विवाह किया था। महिला के पति ने बताया कि मंगलवार को जमीन विवाद को लेकर मेरे बड़े भाई ने मुझ पर कुल्हाड़ी से हमला किया था। मैं खेत की तरफ भागा और पुलिस को सूचना दी। जब मैं पुलिस के साथ लौटा तो घर का गेट बंद था। खिड़की से अंदर जाकर देखा तो पत्नी बेसुध पड़ी थी और बड़ा भाई कमरे में छिपा था। महिला के पति ने बताया कि घर में बड़े भाई के अलावा और कोई नहीं है। पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। बड़ा भाई तीन एकड़ जमीन को लेकर अक्सर विवाद करता था। उसकी पत्नी 10 साल पहले उसे छोड़कर चली गई थी। वह नशे का आदी है। शराब पीकर घर में लड़ाई झगड़ा करता था। महिला के भाई ने उसके जेठ पर दुष्कर्म और हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि बहन के गले पर रस्सी और नाखून के निशान थे। पति ने भी हत्या की आशंका जताई है। टीआई संदीप चौरसिया का कहना है कि महिला का शव घर में संदिग्ध हालत में मिला था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाकर शव को जिला अस्पताल पहुंचाया। बुधवार को महिला का पोस्टमॉर्टम किया गया। रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दिव्यांगजनों को मिले कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण

जागरण, रायसेन

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग रायसेन तथा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्कों उज्जैन द्वारा रायसेन स्थित सामाजिक न्याय विभाग दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र रायसेन में आयोजित जिला स्तरीय कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन और जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया द्वारा कन्यापूजन और दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा दिव्यांगजनों पर पुष्प वर्षा की गई और उन्हें भारत सरकार की एडिप योजना के अंतर्गत मोट्रेट ट्रायसिकल, व्हील चेयर, हेयरिंग हेड, बैसाखी, कैलीपर्स, ट्रायसकिल सहित अन्य सहायक उपकरण और कृत्रिम अंग प्रदान किए गए। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मीणा ने कहा कि आज यहां दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जो कि दिव्यांगजनों के जीवन को सुगम बनाएंगे, उनके दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाईयों को कम करेंगे। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को ईश्वर द्वारा विशेष क्षमताएं प्रदान की गई हैं। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन ने भी संबोधित किया। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया द्वारा कार्यक्रम आयोजन तथा दिव्यांगजनों के लिए संचालित योजनाओं तथा उनके क्रियान्वयन के बारे में विस्तार से बताया गया।

In The Court Of Ist Additional District Judge, Begumganj, District Court, Raisen

Presiding Officer : श्रीमती सविता ओगले

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(RCA/0000031/2024)

राजकुमारी .....वादी

V/s

हरभजन .....प्रतिवादी

Process Id-/2025

पेशी दिनांक:- 07/05/2025

प्रेषिती -

(1) कमोद सिह पिता गयाप्रसाद पता- निवासी पटेल नगर फर्सी रोड कस्बा गैरतगंज जिला रायसेन म.प्र. (2) रेखा बाई पिता स्व. हरभजन सिह पत्नी अवधनारायण धाकड पता- निवासी ग्राम मूडला तह. गैरतगंज जिला रायसेन म.प्र. (3) किरन बाई पिता स्व. हरभजन सिह पत्नी पप्पू उर्फ सूर्यप्रकाश धाकड़ पता- निवासी ग्राम सुकरा तह. गैरतगंज जिला रायसेन म.प्र. (4) विनीता बाई पिता स्व. हरभजन पत्नी संदीप धाकड़ पता- निवासी ग्राम बर्धा पो. बर्धा तह. नटेरन जिला विदिशा म.प्र. (5) वृन्दावन पिता ग्याप्रसाद पता- निवासी कस्बा गैरतगंज वार्ड क्र. 8 पटेलनगर फर्सी रोड गैरतगंज जिला रायसेन म.प्र. (6) महेन्द सिह पिता स्व. हरभजन सिह पता निवासी वार्ड क्र. 13 कस्बा गैरतगंज जिला रायसेन म.प्र.

यह कि प्रार्थी राजकुमारी ने आपके विरूद्ध सिविल अपील के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 21 April 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा से जारी।

न्यायालय की मुद्रा

(सविता ओगले)
प्रथम जिला न्यायाधीश
बेगमगंज, जिला रायसेन (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें : 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

Presiding Officer : सुश्री सौम्या साहू

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(RCS A/0000041/2023)

अनुप कुमार कुजूर.....वादी

V/s

मेहरवान सिंह.....प्रतिवादी

Talwanaid 1489 Process Id-/2025

पेशी दिनांक:- 13/05/2025

प्रेषिती-(1) श्रीमती गोमती बाई पत्नी स्व. जयराम आयु 70 वर्ष पता- निवासी ग्राम गेलपुर पोस्ट चाँदलाखेड़ी तहसील गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र.

यह कि प्रार्थी अनुप कुमार कुजूर ने आपके विरूद्ध वाद पत्र स्वत्वाधिकार की घोषणा तथा स्थाइ निषेधाज्ञा के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर, (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 21 April 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

सुश्री सौम्या साहू
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश

कृपया ध्यान दें : 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

नव नालंदा महाविहार पर वृत्त-चित्र का किया गया प्रदर्शन

साँची। बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में नव नालंदा महाविहार पर निर्मित वृत्तचित्र का प्रदर्शन किया गया। नव नालंदा महाविहार की स्थापना से लेकर वर्तमान स्वरूप में आने की यात्रा को बहुत विश्वसनीय एवं साक्ष्यों के साथ प्रस्तुत किया गया। देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने 21 नवंबर 1951 को नव नालंदा महाविहार की नींव रखी थी और आज यह बौद्ध दर्शन, पालि भाषा और बौद्ध अध्ययन के क्षेत्र में विश्वप्रसिद्ध विश्वविद्यालय के रुप में विकसित तथा परिणत हो चुका है। वृत्त चित्र के प्रदर्शन के पूर्व सांची विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. वैद्यनाथ लाभ ने नव-नालंदा महाविहार की महत्ता और ऐतिहासिकता पर जानकारी दी। प्रो वैद्यनाथ लाभ नव नालंदा महाविहार के पहले नियमित कुलपति नियुक्त हुए थे। उनके पूर्व नव नालंदा महाविहार में निदेशक हुआ करते थे। उन्होंने बताया कि बिहार के नालन्दा में प्राचीन महाविहार के भग्नावशेष से मात्र 500 मीटर की दूरी पर स्थित इस विश्वविद्यालय की स्थापना गुप्तवंश के कुमारगुप्त प्रथम के कार्यकाल मे 5वीं सदी में की गई थी। इससे पूर्व बिहार और आसपास के क्षेत्रों में भी बौद्ध विहार हुआ करते थे, लेकिन कुमारगुप्त ने संगठित रूप से व्यवस्थित विश्वविद्यालय की स्थापना प्रायः 426 ई. में की थी। अनेक पुराभिलेखों और सातवीं शताब्दी में बौद्ध विद्या तथा भारतीय इतिहास के अध्ययन के लिए आये चीनी यात्री श्वेनसांग के यात्रा विवरणों से इस विश्वविद्यालय के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त होती है। उसके अनुसार यहाँ 10,000 छात्रों को पढ़ाने के लिए 1,500 शिक्षक थे। प्रसिद्ध चीनी यात्री ह्वेनसांग ने 7 वीं शताब्दी में यहाँ जीवन के कई महत्त्वपूर्ण वर्ष एक विद्यार्थी और एक शिक्षक के रूप में व्यतीत किया था।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले से आक्रोश

आतंकवाद का पुतला फूंका, कैंडल मार्च निकालकर मृतकों को दी श्रद्धांजलि

जागरण, रायसेन

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में 27 लोगों के मारे जाने और लगभग 22 लोगों के घायल होने के बाद पूरा देश में आक्रोष का माहौल है। पूरा देश आतंकवादियों की इस हरकत को कायराना नाम दे रहा है और आतंकवादियों पर सख्त कार्रवाई की मांक कर रहा है। आक्रोष की आंच रायसेन में भी दिखाई दी। बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय सागर भोपाल चौराहे पर आतंकवाद का पुतला जलाया गया तो सागर भोपाल चौराहे से शहीद स्मारक तक कैंडल मार्च निकालकर आतंकवादी हमले में हुए मृतक लोगों को श्रद्धांजलि दी गई।

बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सागर भोपाल चौराहे पर आतंकवाद का पुतला जलाया गया तो सागर भोपाल चौराहे से शहीद स्मारक तक कैंडल मार्च निकाला गया, दूसरी ओर रायसेन बचाओ संघर्ष समिति द्वारा मृतक हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई और 2 मिनट का मौन रखा गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि पूरा देश सरकार के साथ है और सरकार से गुजारिश है कि किसी भी आतंकवादी को बक्सा नहीं जाए और कठोर से कठोर सजा दी जाए। कांग्रेस नेता हर्षवर्धन सोलंकी ने कहा कि आतंकवादियों ने कायराना हरकत की है और ऐसे आतंकवादियों को देश बक्शेगा नहीं। देश में आम जनता इस कायराना हरकत से गुस्से में है तो वहीं का आतंकवाद को खत्म करने की मांग कर रही है।

एबीव्हीपी ने जलाया आतंकवाद का पुतला

बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने भी घटना के विरोध में रायसेन में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने शासकीय स्वामी विवेकानंद कॉलेज के सामने इकट्ठा होकर आतंकवाद का पुतला जलाया। कार्यकर्ताओं ने पहले पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद विरोध स्वरूप पुतला दहन किया। एबीवीपी के जिला संयोजक अश्विनी पटेल ने कहा कि पाकिस्तान और आतंकवादियों की कायराना हरकत का जवाब दिया जाएगा।

न्यूज कार्नर

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में उतरे संगठन, फूंका पुतला

जागरण, सिरोंज। अभिभाषक संघ द्वारा महामहिम राष्ट्रपति के नाम अनुविभागीय अधिकारी हर्षल चौधरी सिरोंज को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई हत्याओं को लेकर एक ज्ञापन सोपा है सिरोंज अभिभाषक संघ द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा की गई नृशंस बर्बरता पूर्ण की गई हत्याओं की अभिभाषक संघ सिरोंज जिला विदिशा मप्र गोल निंदा करता है भारत सरकार से इस कायरतापूर्ण कृत्य के विरोध में शीघ्र अति शीघ्र उचित कार्यवाही की मांग करता है। ज्ञापन देने वालों में अभिभाषक संघ के अध्यक्ष कपिल त्यागी, सचिव हेमू श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिवक्ता अवध नारायण श्रीवास्तव, रामस्वरूप यादव, अशोक शर्मा, एडवोकेट श्रीराम सूर्यवंशी, मितेश गुजराती, प्रवेंद्र दांगी, प्रकाश शर्मा, काशीराम रघुवंशी, धर्मेंद्र रघुवंशी, अमित रघुवंशी, जाहिद खान, सचिन शर्मा आदि अधिवक्ता उपस्थित थे।

विहिप- बजरंगदल ने पुतला दहन कर की कार्रवाई की मांग

जागरण, सिरोंज। नया बस स्टैंड पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में कार्रवाई की मांग एवं नाराजगी व्यक्त करते हुए आतंकवाद का पुतला धहन किया। वहीं भारत सरकार से मांग की। जिन लोगों के परिजन इस आतंकवादी हमले में नहीं रहे उनको सरकार सुरक्षा दे एवं उनके परिवार वालों को नौकरी माह्या कराई जाए बहु संगठन 2 मिनट का मौन धारण करके ईश्वर से प्रार्थना इस दौरान राकेश सक्सेना, अर्जुन शाक्य, प्रदीप राठौर, अनिल राठौड़, रमेश जैन, तुलसी नारायण शाक्य, रोहित यादव, अशोक साहू, गुलाब सिंह कुशवाह, दिनेश सेन, ज्ञान सिंह कुशवाह, भानु सेन, प्रदीप राठौर बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर रहा था राष्ट्रीय शोक, लेकिन स्कूल में हुए आयोजन

लटेरी में राष्ट्रीय शोक के उल्लंघन की डीएम तक पहुंची जांच, कार्रवाई का इंतजार

जागरण, गंजबासौदा।

देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का निधन 26 दिसम्बर को हो गया था। उनकी मौत खबर सुनते ही पूरे भारत में शोक लहर दौड़ गई थी और भारत सरकार के द्वारा सात दिवसीय शोक घोषित कर दिया गया था, लेकिन इसके बाद भी लटेरी तहसील अंतर्गत आने वाले एक स्कूल सांस्कृतिक कार्यक्रम पर रंगारंग प्रस्तुतियां चली जिसमें मुख्य अतिथि भी कांग्रेस एवं भाजपा के नेता बने।

हम बात कर रहे हैं लटेरी के एक निजी शिक्षण संस्था कौरल वेली स्कूल की, जहां पर स्कूल में धूमधाम से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जबकि देश भर में राष्ट्रीय शोक घोषित होने से किसी भी प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन एवं अन्य गतिविधियों पर भी प्रतिबंध लगा हुआ था। इसके बाद इस स्कूल के संचालक ने अपनी सारी हदें पार कर दी और स्कूल में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति का आयोजन कर डाला। मामला यहां नही रूका बल्कि इस आयोजन में मुख्य अतिथि भी भाजपा एवं कांग्रेस के नेता थे, जिन पर खुद प्रोटोकॉल का पालन कराने की जिम्मेदारी स्वयं थी, लेकिन क्या करें नेतागिरी कुछ भी करा सकती हैं।

आईटीआई कार्यकर्ता ने की थी कलेक्टर से शिकायत

इन सभी नियमों की जानकारी होने के बावजूद भी कोरल वेली स्कूल में सांस्कृतिक आयोजन संपन्न कराए गए थे। जिसकी शिकायत आरटीआई कार्यकर्ता रमेश ठाकरे द्वारा तात्कालीन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह को की गई थी, जिनके द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए। संपूर्ण मामले की जांच एसडीएम विनीत तिवारी को सौंपी गई थी। इसके बाद एसडीएम ने प्रभारी विकासखंड शिक्षाधिकारी वीरेन्द्र बघेल को पूरे मामले में जांच कराने के निर्देश दिए थे। मामले का सूक्ष्मता से अध्ययन करते हुए जांच प्रतिवेदन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह को सौंप दिया गया है।



प्रति,
श्रीमान कलेक्टर महोदय,
जिला विदिशा म.प्र.

विषय :- पूर्व प्रधानमंत्री स्व.श्री मनमोहन सिंह जी की मृत्यु पर घोषित राष्ट्रीय शोक में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन करने के संबंध में ।

महोदय,

उपरोक्त विषय के क्रम में निवेदन है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.मनमोहन सिंह जी की अचानक मृत्यु होने पर मध्यप्रदेश शासन द्वारा भी प्रदेश में 26/12/2024 से 01/01/2025 तक 7 दिवस का राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है।

श्रीमान जी नगर लटेरी में शासन को मान्यता प्राप्त स्कूल कोरल वेली स्कूल जो कि जानकी नाथ मंदिर में संचालित होता है के द्वारा दिनांक 29/12/2024 को स्कूल के वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित कर राष्ट्रीय शोक में जारी प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया है।

श्रीमान जी इस कार्यक्रम में अनेक सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे एवं मौन रखकर प्रोटोकाल का उल्लंघन देखते हैं ।

दैनिक समाचार पत्र समय जगत मे छपे समाचार एवं प्रोटोकाल संबंधि जारी पत्र साथ में संलग्न है।

श्रीमान जी त्वरित दंडात्मक कार्यवाही विद्यालय एवं दोषियों पर की जाएं जिससे भविष्य में प्रोटोकॉल संबंधी निर्देशों की अवहेलना न हो सके ।

सलग्न – दैनिक समाचार पत्र में छपे समाचार की प्रोटोकॉल संबंधी आदेश की छायाप्रति ।

दिनांक 31/12/2024

आवेदक
रमेश कुमार ठाकरे
वार्ड 05 लटेरी तह.लटेरी जिला विदिशा म.प्र.
मो.नं. 9893527004

जांच प्रतिवेदन कलेक्टर समक्ष प्रस्तुत अब कार्रवाई का इंतजार

लटेरी के आरटीआई कार्यकर्ता रमेश ठाकरे के द्वारा राष्ट्रीय शोक के दौरान हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले शासकीय अधिकारियों की कार्य प्रणाली को लेकर आवेदन ईमेल के जरिए कलेक्टर को भेजा गया था, जिसकी जांच उनके द्वारा एसडीएम विनीत तिवारी को सौंप गई थी, जिन्होंने प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र बघेल को संपूर्ण जांच करने के आदेश जारी किए गए थे, उनके द्वारा जांच पूर्ण करने के पश्चात प्रतिवेदन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के कार्यालय में प्रस्तुत कर दिया गया। अब देखना यह है की जांच प्रतिवेदन कितने निष्पक्ष तरीके से की गई और निजी शिक्षण संस्था के खिलाफ क्या कार्रवाई होती है जांच प्रतिवेदन पर निर्भर करता है।

जिम्मेदार अधिकारियों ने ही किया प्रोटोकाल नियमों का उल्लंघन

मंच, पुष्पहारों और स्पीकर माइक का शौक अधिकारियों पर इतना सिर चढ़कर बोला कि वह यह भूल गए कि अभी पूरे देश में राष्ट्रीय शोक घोषित है, लेकिन क्या करें झांकी बाजी भी तो करनी है। जबकि पूरे प्रोटॉकाल का पालन कराने की जिम्मेदारी भी इन्हीं साहब लोगों के कंधों पर थी, जो पुष्पहार पहने हुए खड़े थे, वह नेता भी थे और अधिकारी भी थे और यह सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। जब लटेरी की एक निजी शिक्षण संस्थान कोरल वेली विद्यालय के द्वारा प्रोटोकॉल का भी पालन करना करना उचित नहीं समझा और प्रोटोकॉल भी देश के जाने-माने वित्त विशेषज्ञ और पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा घोषित किए गए सात दिवसीय राष्ट्रीय शोक की धज्जियां उड़ाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। मामला उस समय प्रकाश में आया, जब आरटीआई कार्यकर्ता रमेश ठाकरे के द्वारा कलेक्टर रोशन कुमार सिंह को शिकायती आवेदन मेल किया गया। जिसमें राष्ट्रीय शोक होने के बाद भी निजी शिक्षण संस्था कोरल वेली स्कूल के द्वारा 29 दिसंबर को सांस्कृतिक आयोजन संपन्न किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर एसडीओपी अजय मिश्रा, नायब तहसीलदार हेमंत अग्रवाल के अलावा जनप्रतिनिधि भी मंच की शोभा बढ़ा रहे थे।

कलेक्टर से मिलेगा कांग्रेस का प्रतिमंडल

जब पूरा देश पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिहं के निधन पर शोक मना रहा था, तो उसी दौरान कौरल वैली स्कूल में सांस्कृतिक का आयोजन किया जा रहा था। इससे यह प्रतीत होता है जिम्मेदार अधिकारी कितने लापरवाह हैं। हमारा एक जिला कांग्रेस का प्रतिमंडल कलेक्टर से मिलकर चर्चा करेगा और दोषियों पर कार्रवाई कराने की मांग करेगा।

० निशंक जैन
पूर्व विधायक, कांग्रेस पार्टी

कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व से करेंगे शिकायत

लटेरी के कौरल वैली स्कूल में आयोजित हुए इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया गया तो उनकी शिकायत कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व से की जाएगी। जबकि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह कांग्रेस की यूपीए सरकार में 10 वर्ष तक देश के प्रधानमंत्री रहे थे, यदि उनके शोक दिवस पर जिन जिम्मेदार अधिकारियों ने उल्लंघन किया है, उसकी मैं निंदा करता हूं।

० पंकज ऐलिया
सदस्य, जिला पंचायत विदिशा

आंतकवाद के खिलाफ जनता का फूटा आक्रोश, फूंके पुतले

जागरण, गंजबासौदा।

बुधवार को अभाविप इकाई गंज बासौदा द्वारा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई दुखद आतंकी घटना के विरोध में आतंकवाद और पाकिस्तान का पुतला दहन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन के माध्यम से अभाविप ने आतंकवाद के खिलाफ़ कड़ा संदेश देते हुए पाकिस्तान की आतंक समर्थक नीतियों की घोर निंदा की। इस अवसर पर जिला संयोजक शुभम् सिंह ठाकुर ने कहा कि अब समय आ गया है कि आतंकवाद और उसे पालने-पोसने वाले लोगों को इस दुनिया से समाप्त कर देना चाहिए। जब तक हम आतंक के मूल स्रोत पर प्रहार नहीं करेंगे, तब तक हमारे देश के निर्दोष नागरिक इस तरह की घटनाओं का शिकार होते रहेंगे। इस विरोध प्रदर्शन में अभाविप के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ़ आवाज़ बुलंद की।

व्यापारियों ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध

अनाज एवं तिलहन संघ के व्यापारी ने हाथ पर काली पट्टी बांधकर पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में एकजुट हुए। इस दौरान उन्होंने 2 मिनट का मौन रखा और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। अनाज एवं तिलहन संघ ने डाक नीलामी 15 मिनट के लिए स्थगित की गई। यह निर्णय पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों के प्रति सम्मान और श्रद्धांजलि के रूप में लिया गया। अनाज एवं तिलहन संघ के अध्यक्ष सतीश कटारे, सुखजीत सिंह काके, शरद साहू, सावन अग्रवाल, जयेश शाह सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

कांग्रेस ने भी जलाया पुतला

कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई दुखद आतंकी घटना के विरोध में आतंकवाद और पाकिस्तान का पुतला दहन किया गया। वहीं शाम के समय ब्राह्मण दल ने भी आतंकवाद के खिलाफ पुतला फूंका। हालांकि लोगों के द्वारा दिन भर में जितने भी पुतले आंतकवाद के खिलाफ फूंके गए हैं, उन सभी प्रशासन द्वारा पुतलों पानी डालकर बुझाया गया है।

वहीं इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य पंकज एलिया का कहना है कि प्रशासन के पुतले पर पानी डालकर बुझाए जाना गलत है, क्योंकि विरोध आतंकवाद का किया जा रहा है।

जागरण विदिशा

विदिशा, 24 अप्रैल, 2025 | शमशाबाद, कुरवाई, ग्यारसपुर | www.dainikjagranmpcg.com

समर्थन मूल्य पर गेहूं 426510.10 मेट्रिक टन की खरीदी

जागरण विदिशा। समर्थन मूल्य पर जिले में गेंहू का उपार्जन कार्य जारी है। नोडल व जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि जिले में गेंहू के लिए 80691 किसानों के द्वारा पंजीयन कराया गया है जिसमें से 41247 किसानों के द्वारा विक्रय किया जा चुका है। जिले के समर्थन मूल्य पर अब तक कुल 426510.10 मेट्रिक टन खरीद की जा चुकी है। वहीं स्वीकृत पत्रक अनुसार देय कुल राशि 1028.230 करोड़ में से 972.47 करोड़ के ईपीओ प्राप्त किए जा चुके है।

मंडी में 25 हजार 908 क्विंटल अनाज की आवक

जागरण विदिशा। बुधवार को अनाज मंडी 25 हजार 908 क्विंटल अनाज की आवक रही। इस दौरान सर्वाधिक 18 हजार 821 क्विंटल गेंहूं की आवक रहा। जो कि 1300 रुपए से लेकर 4550 रुपए क्विंटल तक बिकी। इसी तरह चने के भाव 4000 से 5712 रुपए क्विंटल रहे। वहीं मसूर 4800 से 6302 के भाव बिकी। इसी तरह सोयाबीन 2530 से 4450 रुपए क्विंटल के भाव वहीं धान 1500 से 3140 के भाव रहा और करीब 972 किसानों ने अपने अनाज का बिक्रय किया।

न्यूज कार्नर

52 सेल्समेनों को शोकॉज नोटिस जारी

विदिशा। राशन कार्डो उपभोक्ताओं की ईकेवायसी कार्यो में कोताही बरतने वाले 52 उचित मूल्य दुकानों के सेल्समैनों को शोकॉज नोटिस जारी किा गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी राशन उपभोक्ता कार्डधारको की ईकेवायसी जारी निर्देशो के अनुसार कराया जाना आवश्यक हैं। ईकेवायसी के कार्यो की प्रगति कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देशो के अनुपालन में समस्त अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों के द्वारा की जा रही है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि ईकेवायसी कार्यो में रूचि प्रदर्शित नहीं करने पर जिन उचित मूल्य दुकानो के सेल्समैनो को कारण बताओं पत्र जारी किए गए हैं।

नेशनल लोक अदालत का आयोजन 10 को

विदिशा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जाकिर हुसैन के मार्गदर्शन में 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नितेन्द्र सिंह तोमर ने बुधवार को नेशनल लोक अदालत आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया। आयोजित बैठक में नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु बैंक, विद्युत विभाग एवं विदिशा नगरपालिका के अधिकारियों के साथ संवाद किया गया हैं जिला न्यायालय परिसर स्थित एडीआर भवन में आयोजित बैठक में संबंधितो से अपेक्षाएं व्यक्त की गई कि नेशनल लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार विभिन्न स्तरों पर कराया जाना सुनिश्चित हो।

स्लॉट बुक करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल

विदिशा। जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसानों के गेहूं विक्रय करने के लिए स्लॉट बुक की अंतिम तारुख 30 अप्रैल तक बढ़ाई गई है। अतः जिन पंजीकृत किसानों द्वारा स्लॉट बुक नहीं कराये गये हैं उन किसान भाईयों से अनुरोध है कि 30 अप्रैल के पूर्व अपना गेहूं विक्रय स्लॉट बुक करा लें।

जहरीली कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

विदिशा। पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में थाना सिविल लाईन पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि नई गल्ला मंडी के पीछे सोराई रोड के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से कच्ची शराब बेच रहा है। सूचना की पुष्टि एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु टीम गठित की गई टीम द्वारा त्वरित दबिश दी गई। जहां एक व्यक्ति जित्तू उर्फ जितेन्द्र कुचबंदिया निवासी शेरपुरा टीला पीले रंग की कुप्पी के साथ मिला। कुप्पी खोलने पर उसमें 10 लीटर हाथ भट्टी निर्मित जहरीली कच्ची शराब बरामद हुई। उक्त आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर मौके से गिरफ्तार किया एवं आरोपी को विधिसम्मत कार्यवाही कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

चल रहा गंगा संवर्धन अभियान फिर भी इस हाल में बेतवा

जागरण विदिशा

शहर में जीवनदायिनी एवं धार्मिक आस्था की प्रमुख केंद्र बेतवा की स्थिति देखें तो काफी दयनीय है। बेतवा का जल पूरी तरह हरा हो चुका और गंदगी बेतवा की सीढ़ियों तक आ चुकी है। घाटों पर पानी का बहाव रुका हुआ है। पूर्व की तरह स्नान करने वाले लोगों की भीड़ खत्म हो चुकी है। नौबत यहां तक बन रही कि लोग बेतवा नदी में स्नान करने के लिए आ रहे लेकिन पानी अधिक प्रदूषित देख घाट किनारे लगे हैंडपंप पर नहाने को मजबूर हो रहे हैं और लोग नवागत कलेक्टर से अपेक्षा रख रहे हैं कि वे बेतवा नदी को प्रदूषण मुक्ति में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

मालूम हो कि बेतवा के उद्गम स्थल पर कुछ दिनों पूर्व बेतवा की धार बंद हो जान से प्रशासनिक एवं समाजसेवियों में खासी हल चल और चिंता बढ़ गई थी। बेतवा कई वर्षों से राजनैतिक प्रशासनिक उपेक्षा की शिकार रही है। इसकी स्वच्छता एवं बेतवा की धार सतत बनी रहे ऐसे ठोस प्रयास कभी नहीं हो सके हैं। फलस्वरूप बेतवा नदी गर्मी से पूर्व ही सूखती रही है और शहर की प्यास बुझाने के लिए हलाली बांध पर निर्भर रहना पड़ रहा है। बेतवा को लेकर योजनाएं बनती रहीं पर कभी जमीन पर नहीं उतर पाईं।

हालांकि सरकार ने जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू किया है। जिसमें नदी, तालाब बाबड़ी, कुआ आदि का संरक्षण किया जाना है। ऐसे अभियान पूर्व में भी चले हैं, लेकिन कोई परिणाम नहीं दे पाए। इस बार नवागत कलेक्टर अंशुल गुप्ता से उम्मीद की जा रही है कि यह अभियान परिणाम मूलक रहेगा।

आखिर कौन जिम्मेदार, जो काम हुआ वह भी आगामी बारिश की भेंट चढ़ने की आशंका

2 करोड़ 30 लाख का कार्य, निकल चुकी 6 माह की समयावधि, 10 प्रतिशत काम भी पूरा नहीं

बेतवा को गंदा होने से रोकने के कार्य में सुस्ती

जन मुद्दा

हो रही अनदेखी

जागरण विदिशा

शहर की जीवनदायिनी बेतवा को स्वच्छता को लेकर वर्षों से लापरवाही व अनदेखी होती आई है। परिणाम यह कि शहर के नाले बेतवा के जल को वर्षों से गंदा करते आए हैं। बेतवा स्वच्छ रहे इसके लिए नपा ने 2 करोड़ 30 लाख की योजना बनाई और उस पार कार्य शुरू कराया तो लोगों की उम्मीद जागी थी कि देर सबेर बेतवा की स्वच्छता के ठोस प्रयास शुरू हुए हैं, लेकिन यह योजना भी सुस्ती की भेंट चढ़ती जा रही है। इस कार्य का शुभारंभ हुआ और छह माह में यह कार्य पूरा किए जाने की बात कही। अब छह माह पूरे हो चुके लेकिन योजना पर सिर्फ 10 प्रतिशत कार्य ही हो पाया है। नागरिकों का कहना है कि बेतवा के नाम पर जितना दिखावा होता आया है। उतना काम नहीं होता। यहीं कारण है कि बेतवा काफी प्रदूषित हो चुकी और बेतवा से जिम्मेदारों की नजदीकी सिर्फ दिखावटी साबित हो रही है।

मालूम हो कि बेतवा को प्रदूषण से मुक्त करने के लिए पिछले करीब 40 वर्ष से मांग चली आ रही है। बेतवा को प्रदूषित करने में मुख्यरूप से चोर घाट नाले को हमेशा जिम्मेदार ठहराया जाता रहा। इस नाले में एक अन्य नाला रामलीला वाला भी जुड़ता है। वर्षों से यह नाले बेतवा में सीधे मिलकर जल को प्रदूषित करते आए पर कभी कोई प्रशासनिक अधिकारी व जनप्रतिनिधि इस समस्या के हल के लिए ठोस उपाय नहीं कर पाए। इस नपा परिषद ने कुछ प्रयास करके 2 करोड़ 30 लाख का प्रोजेक्ट बनाया, लेकिन बेतवा प्रदूषण जैसी मुख्य समस्या के प्रति परिषद व अधिकारी अधिक गंभीर नहीं रहना ही मानें कि प्रोजेक्ट का कार्य समयावधि में पूरा नहीं हो पाया और जिस गति से कार्य चल रहा उससे नहीं लगता कि यह कार्य बारिश पूर्व पूरा सकेगा। जबकि दो माह बाद बारिश का मौसम हो जाएगा और इस कार्य के लिए अगले वर्ष का इंतजार करना पड़ सकता है।

पर्यावरण एवं बेतवा से जुड़े नीरज चौरसिया का कहना रहा कि गंदे नाले को बेतवा में मिलने से रोकने के लिए इस स्थान का चयन ही गलत हुआ है। उनका कहना है कि गुठान के पास नाले के समीप अलग से सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाकर इस नाले सहित शहर के अन्य नालों को इस ट्रीटमेंट प्लांट से जोड़ा जाता तो यह प्रोजेक्ट ज्यादा सफल होता। जिस स्थान पर यह कार्य चल रहा वहां बारिश के दौरान बेतवा के जलभराव से यह प्लांट सुरक्षित नहीं रह पाएगा और प्लांट पर खर्च होने वाली लाखों करोड़ों की राशि बेतवा की बाढ़ की भेंट चढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि जब मुख्य उद्देश्य बेतवा को प्रदूषण मुक्त रखकर कार्य करने को हो तभी बेतवा प्रदूषण मुक्त हो सकेगी।

जागरण विदिशा। चोर घाट नाले को सीधे बेतवा में मिलने से रोकने चल रहा प्रोजेक्ट पर काम

जागरण विदिशा। शहर का यह गंदा नाला कई दशकों से बेतवा को कर रहा है प्रदूषित।

इनका कहना है

चोर घाट नाले को नदी में सीधे मिलने से रोकने का कार्य जारी है। करीब 2 करोड़ 30 लाख का यह प्रोजेक्ट है। छह माह में कार्य पूरा होना था, लेकिन निर्माण एजेंसी ने कार्य शुरू करने में देरी की। अभी तक करीब 10 प्रतिशत कार्य हो पाया है।

निशांत तिवारी,
सब इंजीनियर नपा, विदिशा

चोर घाट नाले को रोकने के प्रोजेक्टर पर इस तरह चल रहा काम

मिली जानकारी के अनुसार नगरपालिका ने अक्टूबर 2024 में इस प्रोजेक्ट पर कार्य शुरू किया था। इसमें सम्वेल बनाकर नाले का पानी सम्पवेल में एकत्रित करना और यहां से पाइप लाइन के जरिए यह पानी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट पहुंचा और वहां से पानी का ट्रीटमेंट कर इस पानी को छोड़े जाने की यह योजना है। बेतवा के रामघाट के समीप इस नाले पर यह कार्य शुरू कराया गया और छह माह में कार्य पूरा किए जाने की समयावधि तय की गई थी। मौके पर देखा गया कि दो-चार मजदूर इस कार्य में जुटे हुए दिखाई दिए। कोई इंजीनियर या जिम्मेदार यहां मौजूद दिखाई नहीं दिए जो इस कार्य के बारे में बता सके। यहां बन रहे सेम्पवेल में नाले का पानी भरा हुआ था। श्रमिकों का कहना रहा कि सेम्पवेल में नाले का पानी भरा रहा है। इस कारण काम नहीं हो पा रहा है। एक ओर से पानी खाली करते है तो दूसरी ओर से भरा जाता है। यही सब चल रहा और कार्य रुका हुआ है।

एक लाख से ज्यादा की ब्राउन शुगर के साथ दो युवक गिरफ्तार

मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस की कार्यवाही

जागरण विदिशा

कोतवाली पुलिस ने दो युवकों को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से करीब 1.20 लाख रुपए कीमत की 12 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई है। यह गिरफ्तारी खेल स्टेडियम के पास मेन रोड से की गई। जहां दोनों संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पाए गए।

पुलिस को एक सूत्र से जानकारी मिली थी कि दो युवक नशीले पदार्थों की डील करने की फिराक में हैं। कोतवाली थाना पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर बजरिया निवासी गौरव राठौर और बंसकुली निवासी सागर साकेत को पकड़ा। तलाशी में दोनों के पास से ब्राउन शुगर बरामद हुई। दोनों पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई ऐसे समय पर हुई है जब कुछ दिन पहले विदिशा में स्कूली बच्चों के नशे में धुत होने का वीडियो वायरल हुआ था। उस घटना के बाद आम लोगों में नाराजगी देखी गई और पुलिस पर नशे के नेटवर्क पर सख्त कार्रवाई का दबाव बढ़ा था।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है और यह पता लगाया जा रहा है कि ब्राउन शुगर उन्हें कहां से मिली। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि अगर किसी को नशीले पदार्थों की जानकारी हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

डाक घरों में भी बच्चों के आधार की सुविधा

जागरण विदिशा। अब आधार कार्ड से जुड़ी जरूरी सेवाएं आपके अपने नजदीकी डाकघर में सहजता से उपलब्ध हैं। भारत डाक विभाग द्वारा विदिशा जिले के विभिन्न गांवों में सीईएलसी केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनके माध्यम से विशेष रूप से 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का आधार कार्ड निःशुल्क बनाया जा रहा है। यह पहल ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को सरकारी सेवाओं का लाभ सरलता से दिलाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। डाकघरों में आधार नामांकन की यह सेवा न केवल निःशुल्क है बल्कि दस्तावेजी प्रक्रिया भी सरल और सुविधाजनक है। अभिभावक अपने छोटे बच्चों का नामांकन पास के किसी भी डाकघर में जाकर आसानी से करवा सकते हैं। अभिभावक बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र, अभिभावक में से किसी एक का आधार कार्ड ओर एक्टिव मोबाइल नंबर ला कर नजदीकी डाकघर से आधार कार्ड बनवा सकते हैं। इसके अलावाए देश के किसी भी भाग से आने वाले नागरिक अपने आधार कार्ड में मोबाइल नंबर अपडेट केवल 50 रुपये के मामूली शुल्क में करवा सकते हैं।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले से जन आक्रोश, मृतकों को दी श्रद्धांजलि

जागरण विदिशा

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में झूलनपीर पर जिला मुस्लिम त्योहार कमेटी के नेतृत्व में पुतला दहन किया। जिसमें मुस्लिम त्योहार कमेटी के अध्यक्ष मुआज़ मेहमूद कामिल ने कहा कि हम पूरी तरह से सेना के साथ है। आज देश का हर नागरिक चाह रहा है कि जिस आतंकी संगठन ने ये कृत्य किया उन्हें नेस्तनाबूत कर दिया जाए। इस दौरान सलीम पटेल, अब्दुल हक़ हाजी, बाबू दादा, लईक पठान, कल्लू बाबा, दुलारे भाई, रिज़वान ख़ान, हसीन पठान आदि मौजूद रहे।

कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए भारतीय नागरिक को युवा कांग्रेस द्वारा शाम 6 बजे गांधी चौक पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, सुभाष बोहत, अरुण कुमार अवस्थी, प्रियंका किरार, राजकुमार पासी, रवि साहू, अर्पित उपाध्याय, वैभव भारद्वाज आदि कांग्रेसजन मौजूद रहे।

कुरवाई में मोमबत्ती जलाकर रखा मौन, दी श्रद्धांजलि

कुरवाई। कांग्रेसियों द्वारा बस स्टैंड स्थित शहीद स्मारक पर पहुंच कर कश्मीर हमले में मृत हुए लोगों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि देकर आत्म शांति के लिए दो मिनिट का मौन धारण किया। श्रद्धांजलि देने वालों में शहर कांग्रेस अध्यक्ष मजाज़ मोहम्मद, जिला परिषद सदस्य रानी अहिरवार, पार्षद प्रतिनिधि गण काशिफख़ान अन्नू, कमलेश सप्रे, पूर्व पार्षद नितिन जैन, एनएसयूआई अध्यक्ष सैफ मुकद्दम, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव महेंद्र जाट, मुजीव ख़ान, रोहन रघुवंशी आदि लोग उपस्थित थे।

शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए निर्देश

जिले में किसी भी जीर्णशीर्ण स्कूल भवन में न लगें कक्षाएं: कलेक्टर

जागरण विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बुधवार को स्कूल शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले के दिव्यांग विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में विशेष प्रोत्साहन देते हुए उन्हें प्रोत्साहित करें। कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में निर्देश दिए हैं कि एक भी जीर्णशीर्ण शाला भवनों में कक्षाएं संचालित ना हो। बीआरसी भ्रमण कर नजदीक के शासकीय भवनों में कक्षाएं संचालित करने के प्रबंध सुनिश्चित करेंगे। शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों का बौद्धिक विकास में बढ़ोतरी हो इसके लिए शैक्षणिक गतिविधियों के नवाचारों का उपयोग कर खेल-खेल में अध्ययन कार्यों में निपुण करें।

कलेक्टर द्वारा आयोजित इस बैठक में कक्षा एक से लेकर पांच तक के विद्यार्थियों हेतु जिले में किए जा रहे प्रबंधो की बिन्दुवार समीक्षा की गई। पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत की गई जानकारियों में शासकीय स्कूलों में दाखिला, पुस्तक वितरण, साइकिल वितरण, आगामी सत्र में संभावित विद्यार्थियों की संख्या, गणवेश वितरण हेतु पिछले वर्ष के फैल खातों की जानकारियां जिले में संचालित छात्रावासों के उन्नयन और विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास के साथ-साथ स्वरोजगारमुखी क्षेत्र में आत्म सबल की और बढे इसके लिए शासकीय आईटीआई की विभिन्न ट्रेडो में दाखिला दिलाने के संबंध में निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले के शासकीय स्कूलों में कक्षा एक से आठ तक में अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थियों को प्रदाय किए जाने वाले भत्ता की जानकारियां प्राप्त की गई। इसके अलावा सीडब्ल्यूएसएन नामांकनए साक्षरता सर्वे तथा प्राप्त बजट का विभिन्न कार्यो में व्यय इत्यादि की समीक्षा की गई है।

कलेक्टर ने कहा कि जिले के छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों के बीच खेल प्रतियोगिताओं का हो और विभिन्न प्रकार की जानकारियां सुगमता से प्राप्त हो इसके लिए छात्रावासी विद्यार्थियों का भ्रमण कार्यालयो में कराने तथा कानूनी जानकारी देने और पुस्तकालय संचालित करने के निर्देश देते हुए कहा कि इन पुस्तकालयो में अंग्रेजी भाषा के पेपर की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए।

कलेक्टर ने कहा कि जिले के शासकीय स्कूलो में अधिक से अधिक एनसीसी एनएसएस व स्काउट नवीन स्कूलो में शुरू कराने की व्यवस्था क्रियान्वित की जाए। उन्होंने निर्माण कार्यो को संपादित करने वाले सभी उपयंत्रियों को निर्देश दिए है कि स्कूल शिक्षा विभाग की पूर्व में निर्मित सभी सम्पतियां संबंधित ग्राम पंचायत की सम्पत्ति पंजी में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। उन्होंने सभी बीईओए बीआरसी को निर्देश दिए है कि बच्चों के शत प्रतिशत नामांकन के लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं हो जाती है तब तक मुख्यालय ना छोड़े। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार कक्ष में आयोजित उक्त बैठक में डीपीसी के द्वारा विभागीय कार्यो की जानकारियां प्रस्तुत की गई वहीं कार्य विशेष के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों के द्वारा जानकारियां सांझा की गई है।

बैठक में संयुक्त कलेक्टर व स्कूल शिक्षा विभाग की जिला नोडल अधिकारी शशि मिश्रा, जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ पंकज जैन, जिला शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी मौजूद रहे।

विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर दें ध्यान, लगाएं शिविर

कलेक्टर ने जिला शिक्षा केन्द्र के माध्यम से विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास हेतु संचालित योजनाओं और उनकी प्राप्ति की पृथक.पृथक विषयवार नियुक्त नोडलो के माध्यमों से जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देते हुए उनका स्वास्थ्य परीक्षण स्कूलो में शिविर आयोजित कर कराने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए है और चिन्हांकित बच्चों को मेडिकल फेसिलिटी समय पर मिले के प्रबंध सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने जिला खेल अधिकारी को निर्देशित किया है कि जिले के दिव्यांग विद्यार्थियों में खेलो के प्रति रूझान बढे और दिव्यांगजनों की राज्य व राष्ट्रीय प्रतियोतिगता में शामिल होकर खेलो के माध्यम से अपने हुनर से ख्याति अर्जित कर जिले का नाम गौरवान्वित करें। इसके लिए दिव्यांगजनों को खेलो के प्रशिक्षण की सुविधाएं मुहैया कराने और खेलों का वार्षिक कैलेण्डर जारी करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने विद्यार्थियों के आयुष्मान कार्ड अनिवार्य रूप से बनाए जाएं इसके अलावा सभी विद्यार्थियों के आधार, समग्र आईडी बनाने का कार्य किया जाए वहीं ऐसे विद्यार्थी जिन्हें शासन के दिशा निर्देशानुसार जाति प्रमाण पत्र जारी किए जाने है यह कार्य शैक्षणिक सत्र के प्रथम सत्र में ही पूरा कर लिया जाए ताकि शासन की अन्य योजनाओं का लाभ लेने से वंचित ना रहें खासकर छात्रवृत्ति को उन्होंने रेखांकित किया।

नरवाई: अब तक 217 किसानों पर 7 लाख 30 हजार जुर्माना

जागरण विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में समस्त एसडीएमों के द्वारा जिले में फसल अवशेष नरवाई जलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर निर्देशन में बड़ी कार्रवाई करते हुए विदिशा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत एक किसान के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। अभियान चलाकर की जा रही इस कार्रवाई में नरवाई जलाने पर अभी तक 217 किसानों के विरुद्ध 7 लाख 30 हजार रुपये का अर्थ दंड किया गया है। कलेक्टर ने बताया कि जिले के सभी किसानों और सामान्य नागरिकों से आव्हान किया है कि फसलों के अवशेष नरवाई को न जलाएं नरवाई जलाने से खेतों में जैविकता प्रभावित होती है जिसके कारण से उत्पादन कम होता है वहीं नरवाई जलाने से अनेक प्रकार की आगजनी दुर्घटनाएं होने की संभावनाएं होती है। उन्होंने किसानों से आव्हान किया कि कृषि विभाग के माध्यम से सलाह दी जा रही है कि नरवाई वाले खेतो में फसलों की बौनी कैसे की जाएगी। जिले में ग्राम पंचायत मुख्यालय पर कृषि से संबंधित मैदानी अधिकारियों एवं राजस्व विभाग के पटवारियों द्वारा पंचायत सचिवों के साथ समन्वय कर किसान संवाद कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं तथा किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले नुकसानों से किसानों को अवगत कराया जा रहा है। कलेक्टर ने किसानों से अपील की है कि नरवाई न जलाएं नरवाई जलाने से पर्यावरण को नुकसान होता है।

किसान यदि नरवाई जलाता है तो राज्य शासन के नोटिफिकेशन प्रावधान अनुसार पर्यावरण विभाग द्वारा उक्त अधिसूचना अंतर्गत नरवाई में आग लगाने के विरुद्ध पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि दण्ड का प्रावधान निर्धारित किया गया है। ऐसा कोई व्यक्तिध्निकायध्कृषक जिसके पास 2 एकड़ तक की भूमि है तो उनको नरवाई जलाने पर पर्यावरण क्षति के रूप में 2500 रुपये प्रति घटना के मान से आर्थिक दण्ड भरना होगा। जिसके पास 2 से 5 एकड़ तक की भूमि है तो उनको नरवाई जलाने पर पर्यावरण क्षति के रूप में 5 हजार रुपये प्रति घटना के मान से आर्थिक दण्ड भरना होगा।